IIMA PRESS RELEASE 2013-14

Second Summer School at IIMA

IIMA, May 10, 2013: Fellow Programme in Management (FPM) participants of Indian Institute of Management Ahmedabad (IIMA) organized 2nd IIMA Summer School, 2013 from 6th to 11th May, 2013 at IIMA. Prof. Arnab Laha, Faculty Coordinator, IIMA Summer School 2013 and Prof. Vineet Virmani, Acting Chairperson FPM inaugurated the event on Monday, 6th May, 2013.

Apart from a large number of IIMA FPM participants, there were around 40 outside participants. These included students from other IIMs, IIT Bombay, XLRI, NMIMS, Banasthali Vidyapith and JNU and other institutions. Prof. Laha and Prof. Virmani, lauded the initiative and appreciated the fact that Doctoral Students from Universities across India attended the workshops with such interest.

The workshop was primarily designed to cater to the needs of researchers and doctoral students to have a clear understanding of various methodological concepts and tools used in advanced stages of research. This would provide budding management scholars an opportunity to increase their research knowledge and skills, said Abrar Ali Saiyed, FPM student and student organizer of Summer School 2013. This year's summer school offered two parallel workshops on Multivariate analysis and Time series analysis using Minitab/R as research tools. Eminent professors like Prof. Dhiman Bhadra, Prof. Arindam Banerjee, Prof. Anand Jaiswal and Prof. Vineet Virmani were the instructors for these sessions.

Apart from the sessions on research methods, tools and techniques, there were various guest sessions by distinguished faculty members of IIMA. In Open Forum sessions, participants shared their research interests, engaged in discussion and learnt together.

After five days of highly interactive lecture and Lab sessions on research methods, the felicitation ceremony was held on Friday, May 10, 2013. Prof. Ajay Pandey, the Director In-charge, IIMA, was the Chief Guest at the occasion. He expressed great satisfaction at the successful completion of the second edition of the IIMA Summer School. "Given the shortage of good academicians in academia in India, we must work together and share resources", said Prof. Laha.

The weeklong workshop was not without its share of fun. A Heritage Walk was organized for the participants.

<u>आईआईएमए प्रेस विज्ञप्ति 2013-14</u>

आईआईएमए में द्‌वितीय ग्रीष्मकालीन स्कूल

आईआईएमए, 10 मई, 2013 : भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद (आईआईएमए) के प्रबंधन में फैलो कार्यक्रम (एफ़पीएम) के प्रतिभागियों ने 6 से 11 मई, 2013 के दौरान द्‌वितीय ग्रीष्मकालीन स्कूल का आयोजन में किया गया। आईआईएमए समर स्कूल 2013 के संकाय समन्वयक प्रोफ़ेसर अर्नब लाहा और एफ़पीएम के कार्यवाहक अध्यक्ष विनीत विरमाणी ने 6 मई, 2013, सोमवार को इसका उद्‌घाटन किया।

आईआईएमए के एफ़पीएम प्रतिभागियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति के साथ ही, लगभग 40 बाहरी प्रतिभागी थे। इनमें अन्य आईआईएमों, आईआईटी-मुम्बई, एक्सएलआरआई, एनएमआईएमएस, बनस्थली विद्‌यापीठ एवं जेएनयू व अन्य संस्थानों के छात्र शामिल थे। प्रोफ़ेसर लाहा और प्रोफ़ेसर विरमाणी ने इस पहल की प्रशंसा की और उस तथ्य की सराहना की कि समग्र भारत के विश्वविद्‌यालयों से डॉक्टरेट छात्रों ने कितनी रुचि ली और इस कार्यशाला में उपस्थित रहे।

इस कार्यशाला को मुख्यतया अनुसंधानकर्ताओं एवं डॉक्टरेट छात्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया था, जिससे अनुसंधान के एड्‌वान्स्ड चरणों में उपयोग में ली जा रही विभिन्न पद्धतियों अवधारणाओं एवं उपकरणों की समझ स्पष्ट हो सकें। एफ़पीएम छात्र तथा समर स्कूल 2013 के छात्र आयोजक आब्रार अली सैयद ने कहा कि इससे नवोदित प्रबंधन विद्‌वानों को अपने अनुसंधान ज्ञान एवं कौशलों में वृद्धि करने का एक अवसर मिलता है। इस वर्ष समर स्कूल में मिनिटैब/आर का एक अनुसंधान उपकरण के रूप में उपयोग करते हुए बहुभिन्नरूपी विश्लेषण एवं समय श्रृंखला विश्लेषण के बारे में दो कार्यशालाएँ एकसाथ प्रस्तुत की गई। प्रोफ़ेसर धीमन भद्र, प्रोफ़ेसर अरिन्दम बैनर्जी, प्रोफ़ेसर आनन्द कुमार जायसवाल और प्रोफ़ेसर विनीत विरमाणी जैसे प्रख्यात प्रोफ़ेसरों ने इन सत्रों में व्याख्यान दिये।

अनुसंधान पद्धतियों, उपकरणों एवं तकनीकों के बारे में सत्रों के उपरांत, आईआईएमए के प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों द्‌वारा विभिन्न अतिथि सत्र भी प्रस्तुत किये गये। ओपन फ़ोरम (खुला मंच) सत्रों में, प्रतभागियों ने अपने अनुसंधान के हितों को साझा किया, चर्चा में भाग लिया और साथ मिलकर सीखा।

अत्यंत क्रियाशील व्याख्यानों और अनुसंधान पद्धतियों पर लैब सत्रों के पाँच दिनों के बाद, शुक्रवार, 10 मई, 2013 को समापन समारोह का आयोजन किया गया। प्रोफ़ेसर अजय पांडे, प्रभारी निदेशक - आईआईएमए, इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे। आईआईएमए समर स्कूल के द्‌वितीय संस्करण के सफल समापन पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। प्रोफ़ेसर लाहा ने कहा, "भारत में शिक्षणजगत्‌ में अच्छे शिक्षाविदों की कमी को देखते हुए, हमें मिलकर कार्य करना चाहिए और संसाधनों को साझा करना चाहिए"।

यह सप्ताहभर चली कार्यशाला मनोरंजन वाली भी थी। प्रतिभागियों के लिए एक *हेरिटेज वॉक* का आयोजन भी हुआ था।